डॉ. ओ.पी. शर्मा
संयुक्त निदेशक (ए एवं एएम)
राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान-हैदराबाद

जय जय संस्थान हमारा

जय जय जय संस्थान हमारा पौध स्वास्थ्य का रखवारा।
दुनियां भर का ज्ञान प्रदाता समस्त राष्ट्र में है न्यारा।।
कीट रोग से मुक्ति दिलाता नैसर्गिक संबल दाता
नहीं निरापद जीव सताता अपतृण फसल बचाता
जैव सुरक्षा नीति सुझाता वैदेशिक संगरोध मिटाता
कुशल प्रबंधन कीटनाशी का भोज्य विषाक्त कम करता
सर्व प्रदेश कृषि सेवारत के विशिष्ट ज्ञान का तारा । 1 । **जय जय जय संस्थान हमारा**

अधिस्नातक डिप्लोमा इसका व्यावहारिक कौशल लाता
कृंतक नाशीजीव सुरक्षा खेत गृहों से खूब मिटाता
इसके अभियांत्रिक प्रभाग से यंत्र कुशलता सिखलाता
तकनीकी प्रसार सूचना निगरानी हर पल रखता
स्वायत्त शासन कुशल प्रशासन ‘ऐसा’ है पथ उजियारा । 2 । **जय जय जय संस्थान हमारा**
जय जय जय संस्थान हमारा पौध स्वास्थ्य का रखवारा ।
दुनियां भर का ज्ञान प्रदाता समस्त राष्ट्र में है न्यारा।।

कवयित्री प्रियंका सिंह
सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी
(के.ए.ना.प्र.केन्द्र, गुवाहाटी)
(वनस्पति रक्षा, संगरोध एवम् संग्रह
निदेशालय, एन.एच.IV, फरीदाबाद,
हरियाणा-121001

पादप-संरक्षण(गान)

जय-जय राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान।
पादप संरक्षण के एहसास का नाम।
तेरे विज्ञान से होता कृषि -समुत्थान।
किसान अधिकारी पीते संरक्षण ज्ञान।
खेत-प्रयोगशाला में रखे पादप-ध्यान।
देश-विदेश में तेरी विश्वसनीय पहचान।

जय-जय राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान।
पादप संरक्षण के एहसास का नाम।
करता जा पादप धन का सम्मान।
वो देते जाएंगे सु-उत्पादन ज्ञान।
तन्मय हो करे संरक्षण-अनुष्ठान।
चारों-दिशायें गाये तेरा गुणगान।

जय-जय राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान।
पादप संरक्षण के एहसास का नाम।
बचावेंगे पावन जैव-संपदा की जान।
प्रतिबद्ध लाने को जैव-संरक्षण संग्राम।
मॉ कृषि को देंगे विश्वसनीय पहचान।
आओ मिल गायें, संस्थान गर्वगाथागान।

जय-जय राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान।
पादप संरक्षण के एहसास का नाम।
तुम जोर से गाओं मेरा भारत महान।
भूल न पाओं हम सब कृषि -संतान।
कृषक सम्मान में निछावर तेरा ज्ञान।
तू पादप संरक्षण के एहसास का नाम।

जय-जय राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान।

वनस्पति स्वास्थ्य शब्दावली / PLANT HEALTH GLOSSARY

English word	Hindi meaning
Acidity	अम्लता
Acquired resistance	अधिग्रहित प्रतिरोध
Active ingredient	सक्रिय संघटक
Adaptation	अनुकूलन
Adherent soil	अनुलगन मिट्टी
Adjuvant	सहायक
Adventitious bud	अपस्थानिक कली
Aeration	वायवीय
Aerial mycelium	वायवीय कवकजाल
AESA Chart	कृषिपारितंत्र रेखा-चित्र
Agent	कारक
Agricultural Engineering	कृषि अभियांत्रिकी
Agriculture	कृषि
Agro ecology	कृषि पारिस्थितिकी
Agro technology	कृषि प्रौद्योगिकी

लेखा से संबंधित शब्दावली / ACCOUNTS RELATED GLOSSARY	
Abstract Book	सार-पुस्तिका
Accounts Objection	लेखा-आपत्ति
Acquisition	अर्जन
Adjustment	समायोजन
Admissible	स्वीकार्य/ग्राह्य
Admitted Debt	स्वीकृत ऋण
Advance	अग्रिम, पेशगी
Agreement Vetting File	करार-विधीक्षा फाइल
Allocation	विनिधान
Annual Maintenance Contract	वार्षिक अनुरक्षण ठेका
Apportionment	प्रभाजन
Appropriation	विनियोजन, विनियोग
Assessment	(कर, मूल्य) निर्धारण, मूल्यांकन
August Review	अगस्त समीक्षा
Availability	उपलब्धता

प्रेरक कथन / MOTIVATIONAL QUOTES

- *हम चाहें तो अपने आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर अपना भाग्य खुद लिख सकते है और अगर हमको अपना भाग्य लिखना नहीं आता तो परिस्थितियां हमारा भाग्य लिख देंगी*
- *विश्वास में वो शक्ति है जिससे उजड़ी हुई दुनिया में प्रकाश लाया जा सकता है। विश्वास पत्थर को भगवान बना सकता है और अविश्वास भगवान के बनाए इन्सान को पत्थरदिल बना सकता है।*
- *सपने वो नहीं है जो हम नींद में देखते है, सपने वो है जो हमको नींद नहीं आने देते।*

- *हिंदी वह भाषा है जो विभिन्न मातृ भाषाओं रूपी फूलों को पिरो कर भारत माता के लिए सुंदर हार का सृजन करेगी : डॉ जाकिर हुसैन*
- *यदि भारतीय लोग कला, संस्कृति और राजनीति में एक रहना चाहते हैं तो उसका माध्यम हिंदी ही हो सकता है : चकव्रर्ती राजगोपालचारी*

- *प्रति बूंद, अधिक फसल ।*
- *स्वस्थ मृदा - स्वस्थ जीवन ।*
- *किसान बढ़ेगा देश बढ़ेगा ।*